an>

Title: Need to release a commemorative stamp in honour of Maharaja Todarmal, one of the Navratnas in Mughal emperor Akbar's Durbar.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर)ः_भू-राजस्व के जनक महाराजा टोडरमल का जन्म उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर के कस्बा लहरपुर में हुआ था। वह राजा अकबर के वित्त मंत्री तथा नवरत्नों में से एक थे। वित्त मंत्री रहते हुए उन्होंने भू-राजस्व अभिलेखों की संरचना की थी। एक बार माननीय प्रधानमंत्री जी ने " चाय पर चर्चा कार्यक्रम " के दौरान लोगों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब देते समय सीतापुर के समीप के कस्बा-केसरीगंज के एक व्यक्ति ने माननीय प्रधानमंत्री जी से सवाल पूछा था कि महाराजा टोडरमल के बारे में आप क्या जानते हैं? तब माननीय प्रधानमंत्री जी ने जवाब दिया था कि महाराजा टोडरमल उत्तर प्रदेश के जिला-सीतापुर के कस्बा लहरपुर के निवासी थे और उन्होंने भू-राजस्व अभिलेखों की संरचना की थी। उनके द्वारा की गयी भू-अभिलेखों की संरचना को आधार मानकर अभी भी पूरे देश में संचालित किया जाता है। ऐसे व्यक्तित्व और उनके कृतित्व को पूरा देश जाने, इस हेतु मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि महाराजा टोडरमल के नाम से डाक टिकट जारी करने की कृपा की जाए।